Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)
(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 06-08-2022 | अंक 307

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्युज ब्रीफ

### मुखिया के अथक प्रयास से चापानल को कराया गया ठीक



चलकुशा –प्रखड अंतर्गत पंचायत अलगडीहा के ग्राम बडानो के उत्क्रमित मध्य विद्यालय में कई दिनों से चापानल खराब पड़ा हुआ था। जिसकी जानकारी शिक्षकों के द्वारा स्थानीय मुखिया अंजना देवी को दी गई। मुखिया ने से संज्ञान में लेते हुए। विद्यालय का निरीक्षण किया। जिसके बाद प्रतिनिधि रामजीत रजक के देखरेख में चापानल को ठीक करवाया गया।

### पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

विष्णुगढ़ पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपियों में अवैध आरा मिल संचालन के आरोपी विष्णुगढ़ के नागी निवासी फूलचंद महतो पिता स्व. बदुली महतो तथा टाटीझरिया थाना के वारंटी अभियुक्त राहुल महतो पिता राजू महतो शामिल हैं। पुलिस को दोनों आरोपियों की लंबे समय से तलाश थी।

# कोबरा वाहिनी 203 ने बरही में निकाला तिरंगा बाइक रैली , हर घर तिरंगा को लेकर किया जागरूक

## राष्ट्र प्रेम के भाव के साथ हर घर में फहराए तिरंगा : अमित कुमार

**पेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही में शनिवार को आज़ादी के अमृत महोत्सव के तहत कोबरा 203 वाहिनी के द्वितीय कमांड अधिकारी अमित कुमार के नेतृत्व में हर घर में फहरे तिरंगा झंडा जागरूकता अभियान के तहत बाइक रैली निकाली गई। इस दौरान जवानों ने तिरंगा फहराने के तौर तरीको से जनता को अवगत कराया और लोगो से 13 से 15 अगस्त तक हर घर में तिरंगा फहराने की अपील की। रैली कोबरा गेट से होते हुए बरही चौक से होकर चारो रोड में निक. ाला गया। द्वितीय कमांड अधिकारी अमित कुमार ने बताया की आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा भारतीय ध्वज संहिता 2002 की मुख्य विशेषताओं के प्रति भी लोगो को जागरूक किया गया। वहीं इस रैली में शामिल सभी जवानों ने लोगो से 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा आदर और सम्मान के साथ फहराने का अपील किया। इस बाइक रैली में शामिल बरही थाना प्रभारी ललित कुमार ने इस बाइक रैली का उद्देश्य बताते हुए कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आग्रह पर पूरा देश 2 अगस्त से लेकर 15 अगस्त तक ' हर घर तिरंगा ' अभियान में हिस्सा ले रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसके लिए पूरे देश से आग्रह किया है। जिसको लेकर उन्होंने बरहीवासियों से अपील किया है की इस अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत अपने अपने घरों में तिरंगा झंडा अवश्य फहराए। इस रैली में द्वित्य कमान अधिकारी अमित कुमार, उप कमांडेंट भूपेंद्र पाल शर्मा, जितेंद्र कुमार, सहायक कमांडेंट निर्भय द्वेदी, सुभाष चंद्र शीला, एन अश्विन, डॉ अश्विन शर्मा, निरीक्षक अभिषेक कुमार, सुनील कुमार, शिव कुमार, उपनिरीक्षक पंकज कुमार, योगेश, धीरेंद्र वर्मा, सनी चिब, दयानंद टारजन एवं डिफेंस एकेडमी बरही से रोहित कुमार एवं फिजिकल डिफेंस एकेडमी के विकास कुमार अपने अपने छात्र के साथ व बरही के सैकड़ोलोग भी शामिल थे।





बाइक रैली में शामिल लोग

APEM LIVE




डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

# बरही थाना परिसर में मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न

## शांति व सौहार्द के साथ मनाए मुहर्रम : एसडीओ





**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही थाना परिसर में शनिवार को मुहर्रम को लेकर शांति समिति का बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता बरही एसडीओ पूनम कुजूर एवं संचालन बरही थाना प्रभारी ललित कुमार ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि बरही विधायक उमाशंकर अकेला शामिल हुए। वहीं बरही पूर्वी के पूर्व जीप प्रतिनिधि मो कयूम ने कहा की मुहर्रम मुस्लिमों का एक महत्वपूर्ण त्योहार है। साथ ही उम्हीने इस त्योहार का उद्देश्य बताते हुए कहा की यह त्योहार मूलतः हमे शांति और सौहार्द बनाए रखने की शिक्षा देता है साथ ही यह दर्शाता है की हम समाज में अच्छाई को बनाए रखने के लिए प्राणों का भी प्रवाह नही करना चाहिए। बैठक की अध्यक्षता कर रही एसडीओ पूनम कुजूर ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा की सरकार द्वारा जारी किए दिशा निर्देश का पालन करते हुए मुहर्रम मनाएं। विधायक उमाशंकर अकेला ने मुस्लिम धर्मावलंबियों से अपील किया की सरकार के द्वारा जारी किए गए दिशानिर्देश का पालन करते हुए त्योहार मनाए।मौके पर बरही एसडीओ पूनम कुजूर, बरही एसडीपीओ नाजिर अख्तर, जीप जिला उपाध्यक्ष किशुन यादव, बरही सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, बरही थाना प्रभारी ललित कुमार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, बरही पश्चिमी जीप सदस्या प्रीती कुमारी, सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राज सिंह चौहान, उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, बरही पश्चिमी जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, बरही पूर्वी पूर्व जीप प्रति. निधि मो कयूम, एसआई सौरव आहूजा, विकास कुमार, आदित्य कुमार, दिनेश कुमार, दयानंद सरस्वती, कांग्रेस कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मन्नान वारसी, रुस्तम अली, सुरेंद्र रजक, तौकीर रजा, इकबाल रजा, धनवार मुखिया राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा, बेंदगी मुखिया सिकन्दर राणा, सुनील साहू, बरही पूर्वी मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, डपोक मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन रविदास, समाजसेवी मो बेलाल, दशरथ यादव, कुणाल कतरियार, रसोईया धमना मुखिया गोविंद साहू, हीरामन साहू, सरफराज अंसारी, फारुक अंसारी, रघुवीर यादव, पप्पू खान, जीतू ठाकुर, रंजीत यादव सहित सैकड़ों अन्य लोग मौजूद थे।

# बरही पुलिस ने बालू से लदा दो ट्रक किया जब्त, चार गिरफ्तार भेजे गए जेल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर रसोइया धमना मोड़ के नजदीक से दो बालू लदा ट्रक जब्त किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बरही पुलिस को गुप्त सूचना मिली की गौरियाकरमा एवं निचीतपुर के पश्चिम नदी अवैध रूप से बालू ट्रक में लोड कर उत्तर प्रदेश ले जाया जा रहा है। जानकारी मिलते ही बरही बरही थाना प्रभारी ललित कुमार अपने दल बल के साथ संयुक्त रूप से छापेमारी करते हुए अंबेडकर मोड़ से पीछा करते हुए एन एच 02 के रसोइया धमना मोड़ के नजदीक से दो ट्रक पर लोड बालू को ट्रक सहित जब्त किया गया। जिसका संख्या UP 72AT 3233 एवं ट्रक संख्या UP 70DT 8283 शामिल है। साथ ही दोनो ट्रक के चालक और उपचालक आशिक अली उम्र 29 वर्ष पिता मो इम्तियाज, मो सूफियान उम्र 25 वर्ष पिता मो खुर्शीद, मो बजहुल उम्र 30 वर्ष पिता मो खुर्शीद एवं मसरद उम्र 25 वर्ष पिता अख्तर हुसैन सभी ग्राम भवानीपुर थाना प्रतापगढ़ कोतवाली जिला प्रतापगढ़ ( उत्तरप्रदेश ) निवासी है। छापेमारी दल में दंडाधिकारी सुरेश कुमार राजस्व उपनिरीक्षक बरही हजारीबाग, बरही थाना प्रभारी ललित कुमार, निरंजन सिंह, शिवनाथ प्रसाद सहित बरही थाना के रिजर्व गार्ड शामिल थे।

# गौरियकर्मा पहुंची उपायुक्त को मुखिया के नेतृत्व में ग्रामीणों ने सौपी ज्ञापन,

## सड़क से ठोकर हटाने एवं ग्रामीण जलापूर्ति योजना में बरती गई अनियमितता की जांच की मांग

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


उपायुक्त को ज्ञापन सौंपती मुखिया कुमारी मीरा

गौरियाकर्मा पहुंची उपायुक्त नैंसी सहाय को मुखिया कुमारी मीरा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने दो सूत्री मांग पत्र सौपा। मुखिया कुमारी मीरा ने ज्ञापन सौंपते हुए डीसी को बताया कि देवचन्दा से गौरिया कर्मा तक सड़क पर दर्जनों बड़े बड़े ठोकर बना दिया गया है। जिसके कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। इस ठोकर के कारण कई लोग काल के गाल में समा गए। कई लोग चो. ट्लि भी हुए है। पहली बार आए लोगों को ठोकर की जानकारी नही होने के वजह से काफी परेशानी होती है। इसलिए जल्द से जल्द ठोकर हटाने के लिए विभाग को निर्देशित किया जाना चाहिए। ताकि अनहोनी घटना से बचा जा सके। एक अन्य मांग पत्र में गौरियाकर्मा में संचालित ग्रामीण जलापूर्ति योजना में बरती गई अनियमतता कि जानकारी देते हुए मुखिया कुमारी मीरा ने बताया कि 10 करोड़ की लागत से बनी ग्रामीण पेयजलापूर्ति सिस्टम मात्र 6 माह में ही टंकी लीकेज हो गया है। जिसके कारण आधा पानी लीकेज से खत्म हो जा रहा है। आम जन तक पानी पहुंच नही पा रहा है। जिससे परेशानी हो रही है। इसकी तत्काल सुधार की जरूरत है। मौके पर समाजसेवी दुलार यादव, सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

# विजन कोचिंग सेंटर, चौथी रोड में

**अपेम लाइव : चौपारण**


विजन कोचिंग सेंटर चौपारण क्षेत्र में बना रहा है अपना जगह

जितेंद्र कुमार रविदास जो बिहार राज्य के गया जिला के नावसी है जो झारखण्ड के हजारीबाग जिले के चौपारण प्रखंड में आ कर अपना कोचिंग चला रहे है जिसका नाम विजन कोचिंग सेंटर जिसका पता चौथी रोड चौपारण है जितेंद्र कुमार ने चौपारण में आते ही धमाल मचा दिया है जितेंद्र कुमार की शिक्षा के क्षेत्र में पढ़िए की बात करें तो जितेंद्र कुमार ने अपनी उंतजपब की पढाई +2 उच्च विद्यालय मोहनहपुर गया से पूरी कि है और डिग्री की बात करें तो उन्होंने ठ.ज्मबी उमबींदपबंस मदहपदममतपदह गया इनजिनियरिंग कॉलेज से किये है जितेंद्र कुमार के कोचिंग में ये सभी तैयारी सफलता के साथ करवाई जाती है ,जैसे की ,कोचिंग में कक्षा 6 से 12 तक उत्तम शिक्षा का प्रबंध है हमारे कोचिंग में कुछ अनोखी विशेषताएं इस प्रकार है, हमारे यहां प्लोट्यानिक ,भारतीय सेना,जल सेना , वायु सेना, साइंस , कॉमर्स की तैयारी 100: सफलता के साथ करवाई जाती हैं विजन कोचिंग सेंटर के सहयोगी का नाम अर्पित कुमार राणा जो नगवां (चौपारण) के नवासी हैं और लोकेश कुमार जो चौ. थी चोपारण के नवासी हैं इन दोनों ने कोचिंग को हमेशा पूर्ण रूप से सहयोग करने में इच्छा जुटाई हैं जितेंद्र कुमार ने वादा किया है कि पूरे चौपारण के विधार्थी को आगे बढ़ाने का और कुछ बड़ा कर देखने है।


# कोचिंग से लौट रहे दो छात्र को कंटेनर ने लिया चपेट में, एक की मौत एक घायल


मृतक का फोटो




**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही गया रोड में स्थित मुमताज गैरेज के नजदीक शनिवार शाम को कोचिंग से लौट रहे बेंदगी के दो छात्रों को कंटेनर ने अपने चपेट में ले लिया। जहां मिथिलेश यादव उम्र 15 वर्ष पिता दिनेश यादव की मौत घटनास्थल पर ही गई। वहीं दूसरा छात्र रोहित कुमार उम्र 17 वर्ष पिता प्रयाग यादव गंभीर रूप से घायल हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनो छात्र बरही हजारीबाग रोड में संचालित दा आर्यभट्ट इंस्टीट्यूट के छात्र थे। कोचिंग से छूटी होने के उपरांत दोनो अपना घर लौट रहे थे। इसी क्रम में गया रोड में स्थित मुमताज गैरेज के समीप तेज गति से आ रही कंटेनर जिसकी संख्या HR 66B 9045 ने दोनो को अपने चपेट में ले लिया। वहीं मृतक के शव को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में रखा गया है और दूसरा घायल छात्र का इलाज बरही अनुमंडलीय अस्पताल में किया जा रहा है। वहीं बरही विधानसभा के विधायक और पूर्व विधायक ने इस घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजनों से मिलने पहुंचे। और उनका ढांढस बंधाया



सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## स्वंत्रता दिवस को लेकर रॉयल आर्किड स्कूल में तैयारी जोरों पर,

### आयुष कुमार बने कैप्टन, फहराएंगे तिरंगा, इंटर हाउस को मिली जिम्मेदारी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


तैयारी करते रॉयल आर्किड स्कूल के बच्चे

आगामी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस धूम धाम से मनाया जाएगा। 15 अगस्त के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर विद्यालय प्रबंधन तैयारी कराना शुरू करा दिया है। स्वतंत्रता दिवस के लिए परेड, भाषण और गायन का अभ्यास कर इसे भव्य रूप से सफल बनाने के लिए तैयार करना शुरू कर दिया है। स्कूल ने 10वीं कक्षा के आयुष कुमार सिंह को स्कूल कैप्टन के रूप में चुना गया है जो उस दिन स्कूल का झंडा फहराएंगे और 10वीं की प्राची केशरी और 9वीं की माही कुमारी को स्कूल वाइस कैप्टन के रूप में चुना गया है जो स्कूल की मर्यादा बनाए रखने में स्कूल कप्तान की सहायता करेंगे। इसके अलावा चार सदन नेताजी सुभाष चंद्र बोस हाउस, चंद्रशेखर आजाद हाउस, बाल गंगाधर तिलक हाउस और लाल बहादुर शास्त्री हाउस स्कूल परेड में भारी संख्या में भाग ले रहे हैं। वे दो साल के लंबे अंतराल के बाद बहुत मेहनत कर रहे हैं। प्राचार्य अनूप कुमार सिंह ने कहा कि सभी छात्रों को हर गतिविधि में अपने कौशल को ब्रश करने के लिए थोड़ा मुश्किल था। कोविड काल में छात्र इन सभी गतिविधियों से दूर हो गए थे लेकिन हमें खुशी हो रही है कि हमारे छात्र वास्तव में गतिविधियों में बहुत मेहनती हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए वे हर संभव प्रयास कर रहे हैं। खेल शिक्षक प्रिंस मिश्रा और नीरज कुमार का छात्रों को परेड में एक आदर्श बनाने के लिए पहल कर रहे हैं। नेताजी सुभाष चंद्र बोस हाउस से सभी हाउस टीचर सुनील पांडे, नवीन कुमार और उषा देवी, चंद्रशेखर आजाद हाउस से शेरोन थॉमस, पवन कुमार, पंकज कुमार और शिव कुमार पाठक, रीता कुमारी, नीरज कुमार, इंदु कुमारी और आलोक कुमार से लाल बहादुर शास्त्री हाउस से बाल गंगाधर तिलक हाउस और लक्ष्मी कुमारी, प्रशांत कुमार और सिमी सिंह स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम के लिए खुद को बहुत समर्पित कर रहे हैं। कार्यक्रम में किसी भी तरह के कदाचार से बचने के लिए प्रधानाचार्य हमेशा प्रत्येक शिक्षक की निगरानी कर रहे हैं।

## कोडरमा जिला मुखिया संघ का गठन, श्यामदेव यादव बने जिला अध्यक्ष

**अपेम लाइव : कोडरमा**
**धीरज कुमार**



कोडरमा जिला मुखिया संघ के गठन हेतु जिले के सभी मुखिया गण की बैठक कोडरमा स्थित बरनवाल धर्मशाला में की गई बैठक की अध्यक्षता देवीपुर पंचायत के मुखिया बेदु साव ने किया. जबकि संचालन कांको पंचायत के मुखिया श्यामदेव यादव ने किया. बैठक में सर्वसम्मति से कांको पंचायत के मुखिया श्यामदेव यादव को जिला अध्यक्ष मनोनित किया गया. जबकि जिला उपाध्यक्ष सतगावां प्रखंड के मीरगंज पंचायत के मुखिया मंटू चौधरी व कोडरमा प्रखंड के करमा पंचायत कि मुखिया मोनी देवी को, सचिव जयनगर प्रखंड के खरियोडीह पंचायत के मुखिया राजेंद्र यादव, सहसचिव मरकच्चो प्रखंड के महुँगाई पंचायत के मुखिया सुनिल यादव, कोषाध्यक्ष कोडरमा प्रखंड के पांडेयडीह पंचायत कि मुखिया शबनम परवीन, प्रवक्ता डोमचांच प्रखंड के मधुबन पंचायत के मुखिया प्रवीण कुमार, मीडिया प्रभारी चंदवारा प्रखंड के पिपराडीह पंचायत कि मुखिया कल्याणी देवी के प्रतिनिधि धीरज कुमार को मनोनित किया गया. वहीं बेदु साव को प्रदेश प्रतिनिधि मनोनीत किया गया. जिला अध्यक्ष निर्वाचित होने के उपरांत श्यामदेव यादव ने कहा कि कोडरमा जिला के सभी मुखियागण के हितों कि रक्षा करने के लिए तथा संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए हमेशा तत्पर रहूँगा. उन्होंने उपस्थित मुखियागण से निवेदन करते हुए कहा कि मुखियागण भी अपनी जवाबदेही और जिम्मेवारी को गंभीरता पूर्वक समझते हुए जनता का काम करें. उन्होने सबके साथ समन्वय बनाकर चलने कि बात कही. मौके पर मुखिया संघ के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष महेंद्र यादव, प्रेम प्रकश, बेदु साव, धीरज कुमार, सरयू प्रसाद वर्मा, मनोज पासवान, पुष्पा देवी, सुनिल सिंह, उत्तम कुमार, संजय दास, संतोष कुमार कुशवाहा, टीपन पासी, बसंत कुमार, सुरेंद्र यादव, बीरेंद्र कुमार राय, चिंता कुमारी, आरती देवी, संगीता कुमारी, बीरेंद्र यादव, रामलखन यादव, कामेश्वर भारती, बद्री पंडित, सुरेंद्र यादव, छोटू यादव, रविशंकर यादव, रामप्रसाद यादव, रविंद्र यादव, रामदेव यादव, रमेश यादव, अनिल कुमार यादव, मोनी देवी, असगर अंसारी, इंद्रदेव यादव, राजेंद्र प्रसाद यादव, सीता देवी, लक्ष्मण यादव, सीमा कुमारी, धीरज यादव, अनिता देवी आदि मौजूद थे.

## अतिक्रमण की शिकायत पर डीसी ने की बिरसा कृषि प्रक्षेत्र का निरीक्षण, उपनिदेशक ने बताई समस्याएं

### चिन्हित अतिक्रमणकारी के खिलाफ एफआईआर एव अतिक्रमण हटाने को लेकर सीओ को कड़ा निर्देश



बिरसा कृषि एवं पशु प्रक्षेत्र का निरीक्षण करती डीसी एवं एसी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बिरसा कृषि प्रक्षेत्र गौरियाकर्मा में संचालित बीज उत्पादन एवं अनुसंधान केंद्र की सरकारी जमीन का अतिक्रमण के खिलाफ की गई शिकायत के आलोक में हज़ारीबाग़ उपायुक्त नैंसी सहाय एवं एसी राकेश रोशन शनिवार को प्रक्षेत्र की जांच कर वस्तु स्थिति से अवगत हुई। मौके पर मौजूद बीज उत्पादन एवं अनुसंधान केंद्र के उप निदेशक श्रीनिवास गिरी ने डीसी को बताया कि प्रक्षेत्र के आस पास के लोग जान बूझकर जमीन हड़पने की नीयत से जबरन अतिक्रमण कर रहे हैं। अतिक्रमण हटाने की जब भी बात होती है तब अतिक्रमणकारी धमकी देते हैं। कई बार इसकी लिखित शिकायत स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस से की गई है। लेकिन उचित कार्रवाई नही हुई। हालांकि कई बार अतिक्रमण हटाने का प्रयास किया गया। लेकिन हटने के बाद भी लोग पुनःअतिक्रमण कर लेते है। क्योंकि स्थानीय प्रशासन के द्वारा स्थायी समाधान नही किया जाता है। जिसके कारण दिन प्रतिदिन अतिक्रमणकारियों की संख्या बढ़ रही है। उपायुक्त ने मौके पर मौजूद सीओ को कड़ा निर्देश देते हुए कहा कि अतिक्रमण करने वाले लोगों को चिन्हित कर उनके खिलाफ एफआईआर कर नियम संगत कार्रवाई करने करें। साथ ही नोटिस देकर अविलम्ब अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया की जाय। डीसी ने आश्वस्त किया कि बिरसा कृषि प्रक्षेत्र की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। मौके पर ए सी राकेश रोशन, एसडीओ पूनम कुजर, सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, पशु प्रक्षेत्र डॉ संजीव कुमार सिंह, उप निदेशक श्रीनिवास गिरी, एसबी सिंह, दिनेश सिंह, मुखिया कुमारी मीरा ,समाजसेवी दुलार यादव आदि लोग मौजूद थे।

## बच्चों के साथ शिक्षक एवं पत्रकारों ने लिया मिड डे मील का आनंद

**अपेम लाइवः चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



चलकुशा. प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय अलगडीहा पत्रकारों के अचानक पहुंचने पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक शशि शेखर पांडेय व संजय कुमार ने पत्रकारों से बच्चों के साथ मिड डे मील आनंद लेने को कहा जिसके बाद पत्रकार विक्रम सिंह, माले प्रखंड सचिव अशोक चौधरी, पत्रकार इजहार हुसैन, धीरेंद्र पांडेय, शिक्षक राजेंद्र रजक, नारायण ठाकुर, मनोज यादव, रामेश्वर यादव, अनीता देवी व बबीता देवी ने बच्चों के साथ मिड डे मील में बने खिचड़ी, पापड़ व चोखा का आनंद लिए. माले प्रखंड सचिव अशोक चौधरी ने कहा कि सभी विद्यालय इसी तरह का गुणवत्तापूर्ण खाना बच्चों को दें तथा सभी पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष प्रखंड विकास पदाधिकारी अंचलाधिकारी समेत अन्य लोग अचानक किसी भी विद्यालय में जाकर मिड डे मील खाएं जिससे पता चल सके कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण खाना मिल रहा है या नहीं भोजन करने के बाद सभी संतुष्ट भी हुए।

## सुनील केशरी के आवास पर ब्रह्मा विद्या विहंगम द्वारा सत्संग का किया गया आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही गया रोड में स्थित इंस्पेक्टर बंगला के पीछे सुनील केशरी के आवास पर ब्रह्मा विद्या विहंगम द्वारा कृष्णा गुप्ता के अध्यक्षता में सत्संग का आयोजन किया गया। जिसमे ओम कार सामूहिक, स्वगतगान सिकंदर सिंह, मंगलगांण ममता कुमारी, उद्घोष चंद्रमोहन मिश्रा, माल्यार्पण सामूहिक, ज्ञान गुदड़ी पाठ कृष्णा कुमार गुप्ता, स्वर्वेद पाठ चंद्र मोहन मिश्रा, वंदना सामूहिक रूप से किया गया। मौके पर चंद्र मोहन मिश्रा, सिकंदर सिंह, मोहन सिंह, राजदेव सिंह, भारती देवी, पूनम देवी, मोहन मिश्रा एवं कृष्णा गुप्ता मुख्य रूप से मौजूद थे




## आन बान और शान है तिरंगा : मनोज यादव

**अपेम लाइव : पदमा**
**सुमन राज मेहता**

पदमा प्रखंड अंतर्गत सुरूजपुरा पंचायत भवन में भारतीय जनता पार्टी द्वारा अमृत महोत्सव के तहत आजादी के 75 वर्ष गांठ के उपलक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष बाबुलाल प्रसाद मेहता ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि बरही विधानसभा के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव शामिल शामिल हुए। उन्होंने कहा कि देश के लिए आन बान और शान है तिरंगा, उसी को देशभक्त को एक राष्ट्र में जोड़ता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिशा निर्देश के अनुसार 13 अगस्त से 15 अगस्त तक देश के प्रत्येक घर में तिरंगा झंडा लगाने का कार्यक्रम को सफल बनान है। आई मंडल अध्यक्ष ने बाबूलाल प्रसाद मेहता ने कहा कि 10 अगस्त को प्रभात फेरी का आयोजन किया जाएगा।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूज़पेपर

## शिव भक्त 105 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर बुढ़वा महादेव में करेंगे जलाभिषेक

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव प्रखंड के बहुचर्चित 500 फीट उंचे महुदी पहाड़ पर स्थित बुढ़वा महादेव में अन्तिम सोमवारी 8 अगस्त को रजरप्पा से जल उठाव कर विजेता युवा क्लब कांवरिया संघ के शिव भक्तों द्वारा पैदल यात्रा कर जलाभिषेक कर पूजा अर्चना किया जाएगा। लगभग 120 श्रद्धालु भक्तों के द्वारा चितरपुर, रामगढ़ बरकाकाना भुरकुंडा सयाल उरीमारी,कोयलंग होते हुए लगभग 105 किलोमीटर की यात्रा करते हुए 3 दिन की कठिन यात्रा कर शिव भक्त महुदी पहाड़ पहुंचेंगे। पिछले 7 वर्षों से युवा क्लब के द्वारा पैदल यात्रा कर महुदी पहाड़ में पूजा अर्चना किया जा रहा है। बताते चलें कि बड़कागांव प्रखंड के दर्जनों गांव से हजारों की संख्या में लोग जलाभिषेक करेंगे। कोयलंग परेवातरी का नेतृत्व विजेता युवा क्लब कांवरिया संघ के अध्यक्ष अवधेश कुमार, सचिव ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी, कोषाध्यक्ष पप्पू कुमार, उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार, उप सचिव शशि कु. कुशवाहा, संरक्षक प्रेमचंद प्रसाद, पप्पू राणा, पंकज कुमार, संतोष कुमार, राजु कुमार, धनेश्वर कुमार, बनवारी, शुभम, अप्पू, विजय, टुकेशवर, मनोज, बिहारी, रूपेश, कुलदीप, तुलेश्वर, आदित्य, रोहित, लालु, छोटु, सुनिता देवी, रीना देवी, फुलमनी देवी, कुमारी मानसी मौर्या, सोनिया देवी,मो. फेकनी, रीभा, अंजली, मोनिका समेत सैकड़ों कांवरिया भक्त शामिल हैं।

## हर घर झंडा, हर घर तिरंगा को लेकर निकलेगी जागरूकता रैली

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



तिरंगा जागरूकता रैली को लेकर बैठक में शामिल लोग

आजादी के अमृत महोत्सव पर हर घर झंडा, हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर विष्णुगढ़ प्रखंड सभागार में बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रमुख जैबुन निशा ने की। इसके सभी जिप सदस्य, पंसस, मुखिया, कई स्कूलों के प्रधानाध्यापक समेत सरकारीकर्मी शामिल हुए। संचालन बीडीओ संजय कोंगारी ने किया। कहा कि आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर सभी घरों में तिरंगा पूरे सम्मान के साथ लगाना है। इसमें सभी जनप्रतिनिधियों समेत आमजनों का सहयोग अपेक्षित है। कार्यक्रम की जागरूकता को लेकर दस अगस्त को विष्णुगढ इंटर कॉलेज परिसर से विष्णुगढ़ उच्च विद्यालय तक तिरंगा जागरूकता रैली निकालने का निर्णय लिया गया। इसमें विद्यालय-कॉलेज के विद्यार्थी, सेविका, जेएसएलपीएल महिला समूह, सहिया, स्वास्थयकर्मी, सभी शिक्षाकर्मी, सभी सरक. ारीकर्मी, राजनीतिक दलों से जुड़े लोग के अलावा आमजन शामिल रहेंगे। वहीं, 12 अगस्त को पंचायतस्तर पर ग्राम पंचायत जागरूकता रैली निकालने की बात कही गई। बैठक में उपप्रमुख सरयू साव, सीओ रामबालक कुमार, जिप सदस्य शेख तैयब, केबी मंडल, गुरु प्रसाद साव, मो बेलाल, अशोक कुशवाहा, सुभाष कु महतो, एडीएवी से राजेश कुमार, विद्याभूषण प्रसाद, जीवन सोनी, दीपक कुमार रजक, रामगिरि उरांव, विकास कुमार दास, मुखिया उत्तम महतो, निर्मल कुमार, चंद्रशेखर, राजेन्द्र मंडल, लक्ष्मी देवी, रामचन्द्र यादव, मुनिया देवी, कलावती देवी, मंजू देवी, नन्हकू महतो, निर्मला देवी, मो शाहिद,पंसस मुन्नी देवी, कल्पना देवी, विनोद सोरेन, ताज अंसारी, अर्जुन प्रसाद प्रभु गंझू समेत कई लोग मौजूद थे।

## सांसद के सौजन्य से कस्तूरबा विद्यालय एवं शिवाडीह स्कूल में मास्क का वितरण

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा के द्वारा कस्तूरबा विद्यालय होरम तथा हाई स्कूल शिवाडीह में मास्क, वितरण किया गया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि पूनम साहू ने कहा कि को. विड-19 अभी गया नहीं है हमें सचेत रहने की जरूरत है। कोविड-19 की गाइ. डलाइन का हमेशा पालन करते रहे। मौके पर उप. स्थित लोगों में मुख्य रूप से भाजपा कार्यकर्ता सासंद प्रतिनिधि पूनम साहू , खाद्य आपूर्ति प्रतिनिधि मनीष पांडे, रवि कुमार दांगी, शिवाडीह हाई स्कूल विद्यालय के प्राचार्य मुकेश कुमार, शिक्षक आलोक कुमार ,ओमकार पांडे,रीता देवी, कृष्ण मुरारी पांडे एवं दर्जनों लोग शामिल रहें।

## भू माफियाओं से त्रस्त है खतियान धारक प्रशासन से लगा रहे है न्याय की गुहार

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह जिले में भू माफियाओं का जाल फैला हुआ है शहर के लगभग सभी क्षेत्रों में भू माफिया जमीन अपने नाम करने को लेकर तांडव मचा रहे हैं ऐसा ही एक मामला सदर प्रखंड के हरिचक में उजागर हुई है जिसमें खतियान धारक रामचंद्र स्वर्णकार ने उपायुक्त को आवेदन देकर अपने जमीन को बचाने की गुहार लगाई है । दिए गए आवेदन के माध्यम से रामचंद्र स्वर्णकार ने कहा है कि हरिचक मौजा में उनके परदादा के नाम खाता नंबर 1 में जमीन है उक्त जमीन को जागेश्वर महतो आदि ने कर्मचारी की मिलीभगत से अपने नाम करा लिया है उन्होंने कहा है कि जागेश्वर महतो का जो डीड है उसमें खाता 11 दर्शाया गया है लेकिन एक साजिश के तहत अंचल कार्यालय से मिलीभगत कर जमीन की हेरा फेरी की जा रही है उन्होंने कहा कि उक्त जमीन को लेकर गिरिडीह व्यवहार न्यायालय में दीवानी मुकदमा भी चल रही है इसके बावजूद जागेश्वर महतो के नाम रसीद निर्गत किया जा रहा है इस बाबत संबंधित कर्मचारी से पक्ष जानने का प्रयास किया गया तो उन्होंने कहा कि ऐसा कुछ मामला नहीं है आरोप लगाने वाले के परिवार वालों ने ही पूर्व में ही जमीन का बिक्री कर चुके हैं इधर जब जागेश्वर महतो का पक्ष जानने का प्रयास किया गया तो उन्होंने कहा कि 40 वर्ष पूर्व हम लोगों ने उक्त जमीन को खरीदा है और मेरे नाम से रसीद भी काटा जा रहा है लेकिन इसके बावजूद भी जमीन पर जोतअवाद करने से रोका जा रहा है बता दें कि इसके पूर्व भी गिरिडीह जिले में जमीन माफियाओं के द्वारा कई ऐसे प्लॉट हैं जिस पर पूर्व में विवाद हुआ और फिर सेटिंग सेटिंग कर जमीन का घेराबंदी कर लिया गया ऐसा ही एक मामला जमुआ पचंबा मुख्य मार्ग के परियाणा में भी देखने को मिला था हालांकि बाद मे घेराबंदी का कार्य रोक दिया गया है इस मामले को लेकर भी जमीन मालिक परियाणा निवासी वासुदेव मंडल ने अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर अपने जमीन की घेराबंदी कार्य रोक लगाने की मांग की थी। ऐसा ही एक मामला सदर प्रखंड के डाड़ीडीह मौजा के खाता नंबर 12 प्ल०ट नंबर 87 रकवा 1 एकड़ 30 डिसमिल भूमि मनोज कुमार पासवान पिता स्वर्गीय उचित पासवान उर्फ चौता दुसाद के परदादा के नाम से खतियानी भूमि बताया है । इस खाता व प्ल०ट की खरीद बिक्री पर रोक लगाने को लेकर दिनांक 20/ 07 /2022 को उपायुक्त गिरिडीह को आवेदन दिया । श्री पासवान ने बताया कि दिनांक 03/08 /2022 को निबंधन कार्यालय गिरिडीह में आवेदन देने गए तो निबंधन पदाधिकारी आवेदन लेने से इनकार कर दिया और आवेदन फेंक देने का आरोप लगाया है । तथा मनोज पासवान ने बताया कि जिला अभिलेखागार कार्यालय के प्रधान लिपिक सुनील वर्मा ने अपनी पत्नी मधु कुमारी के नाम से खाता नंबर 12 प्ल०ट नंबर 87 भूमि भूमाफिया राजेंद्र प्रसाद दास व सुरेंद्र प्रसाद के पुत्र विनोद प्रसाद दास से खरीदी कर लिया है । सूत्रों का कहना है कि इन दिनों गिरिडीह जिले में भू माफियाओं का जाल फैला हुआ है जिसमें कई सफेदपोश का भी संरक्षण होने की बात कहीं जा रही है बाहर हाल जो भी हो एक और सरकार सरकारी जमीन बचाने को लेकर लगातार दिशा निर्देश जारी कर रही है वही जिले के सभी प्रखंडों में भूमाफिया सरकारी जमीन फर्जी काग. जात बनाकर रखने का जाल बुन रहे हैं इस दिशा में सरकार शीघ्र ही कोई ठोस कदम नहीं उठाती है तो सरकार की जमीन पर भू माफियाओं का जाल फैलता ही चला जाएगा।


## 7 वी मुहर्रम में इमामबाड़े में किया फातिहा





**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**

बिरनी प्रखंड अंतर्गत इस्लामी इलाके में 7वी मुहर्रम को इमामबाड़ा के पास फातिया किया गया। इस्लाम मजहब की मान्यता के अनुसार, कहा जाता है कि अशुरा के दिन इमाम हुसैन का कर्बला की लड़ाई में सिर कलम कर दिया था और उनकी याद में इस दिन जुलूस और ताजिया निकालने की रिवायत है। अशुरा के दिन तैमूरी रिवायत को मानने वाले मुसलमान रोजा-नमाज के साथ इस दिन ताजियों-अखाड़ों को दफन या ठंडा कर शोक मनाते हैं। इस दिन मस्जिदों पर फजीलत और हजरत इमाम हुसैन की शहादत पर विशेष तकरीरें होती हैं। इस्लामिक मान्यता के अनुसार, अशुरा को मोहम्मद हुसैन के नाती हुसैन की शहादत के दिन रूप में मनाया जाता है। इस पर्व को शिया और सुन्नी दोनों मुस्लिम समुदाय के लोग अपने-अपने तरीके से मनाते हैं। हुसैन की शहादत की याद में मोहर्रम मनाया जाता है। जिसमें शिया मुस्लिम दस दिन तक इमाम हुसैन की याद में शोक मनाते हैं। इमाम हुसैन अल्लाह के रसूल यानी मैसेंजर पैगंबर मोहम्मद के नवासे थे।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर उपयुक्त की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न





**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

शुक्रवार दिनांक 05.08.022 को समाहरणालय सभा कक्ष में उपायुक्त की अध्यक्षता में स्वतंत्रता दिवस 2022 के सफल आयोजन हेतु बैठक का आयोजन किया गया । झंडोत्तोलन का मुख्य समारोह का आयोजन स्थानीय गिरिडीह स्टेडियम , गिरिडीह में करने का निर्णय लिया गया स इसके अतिरिक्त अन्य मुख्य स्थलों पर झंडोत्तोलन का कार्यक्रम निम्न प्रकार निर्धारित किया गया : गिरिडीह स्टेडियम गिरिडीह , समाहरणालय परिसर ,अनुमंडल कार्यालय, कर्मचारी महासंघ भवन, जिला परिषद कार्यालय ,सिविल सर्जन कार्यालय गिरिडीह, नगर निगम गिरिडीह , अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी का कार्यकाल एवं पुलिस लाइन । झंडोत्तोलन समारोह के परेड में निम्नलिखित विभाग/ विद्यालय के टुकड़ियों द्वारा भाग लिया जायेगा : महिला पुलिस ,डीएपी जवान के दो टुकड़ी ,होमगार्ड ,एनसीसी (सीनियर) ,एनसीसी (जूनियर) ,सीआरपीएफ तथा विभिन्न विद्यालयों के छात्र – छात्राएं भाग लेंगे । सर्वसम्मति से जिले के सभी स्वतंत्रता सेनानियों को मुख्य झंडोत्तोलन समारोह के उपरान्त समारोह स्थल पर ही सम्मानित करने का निर्णय लिया गया । बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि मुख्य समारोह स्थल गिरिडीह स्टेडियम, गिरिडीह में जिले के कुछ व्यक्तियों को पुरस्कृत किया जाएगा, जिसमें शिक्षा, कला ,साहित्य, चिकित्सा, पत्रकारिता या अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले गणमान्य व्यक्तियों तथा नक्सली हिंसा में मारे गए पुलिस एवं अन्य कर्मी के विधवाओं को शामिल किया जाएगा स विभिन्न कार्यालयों के कार्यालय प्रधान भी अपने अधीनस्थ उन कर्मियों जिनके द्वारा विशिष्ट एवं निष्ठापूर्वक कार्य दायित्वों का निर्वहन किया गया है उनकी सूची कमेटी को भेजना सुनिश्चित करेंगे । बैठक में स्वतंत्रता सेनानियों एवं अन्य महापुरुषों की प्रतिमाओं की सफाई एवं माल्यार्पण कराने का निर्देश उप नगर आयुक्त , नगर निगम , गिरिडीह को दिया गया । स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दिनांक 15.8.22 को पूर्वाहन 7: 30 बजे से शहर के विभिन्न मार्गो पर प्रभात फेरी निकाला जाएगा स इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक, अनुमंडल पदाधिकारी गिरिडीह सदर के साथ समन्वय स्थापित कर समुचित व्यवस्था करेंगे । यातायात पुलिस पदाधिकारी गिरिडीह को निर्देश दिया गया की प्रभात फेरी संबंधित मार्गों पर यातायात व्यवस्था सुचारु रुप से संधारित करेंगे एवं प्रभात फेरी के लिए निर्धारित अवधि में मार्ग में वाहनों का परिचालन बंद रखेंगे । बैठक में उपायुक्त गिरिडीह के द्वारा जिले के सभी नागरिकों से अपील की गई की आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत 13.8.22 से 15.8.22 तक अपने अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज फहराये । स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दिनांक 15.8.22 को संध्या 7:00 बजे से नगर भवन में स्कूली बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा स सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन हेतु एक समिति का गठन किया गया है, जिसमें जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला भू अर्जन पदाधिकारी, उप नगर आयुक्त, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ,जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी ,सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा रहेंगे एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन हेतु आवश्यक कार्रवाई करेंगे स सांस्कृतिक कार्यक्रम नगर भवन गिरिडीह में आयोजित होंगे । बैठक में निर्देशक जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, उप नगर आयुक्त, जिला भू अर्जन पदाधिकारी , जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ,जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सहायक निर्देशक सामाजिक सुरक्षा, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला परिवहन पदाधिकारी तथा अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे ।

## सर जे सी बोस बालिका उच्च विद्यालय में ग्यारहवीं कक्षा में नामांकन की हुई शुरुआत





**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

एक चिर प्रतीक्षित गिरिडीह की जरूरत और बालिकाओं के केंद्र बिंदु में उच्च शिक्षा का केंद्र सर जे सी बोस बालिका प्लस टू उच्च विद्यालय मैं ग्यारहवीं के संकाय वाणिज्य विज्ञान और कला में नामांकन शुभारंभ व सम्मान समारोह का आयोजन सर जे सी बोस सभागार में किया गया बतौर मुख्य अतिथि गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू विशिष्ट अतिथि जिला शिक्षा अधीक्षक विनय कुमार सहित एसएमसी के सभी पदाधिकारी और शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति में एक भव्य और खुशहाल कार्यक्रम का आयोजन हुआ ।कार्यक्रम के आरंभ में अतिथियों का स्वागत तिलक चंदन और रोली दीप के साथ आफरीन परवीन कुमारी पायल पारुल प्रिया और कहकशा प्रवीण ने किया उसके पश्चात बालिकाओं के समूह ने विद्यालय परिसर से हमर छोटानागपुर हीरा नागपुर की मधुर धुन पर थिरकते हुए माननीय विधायक सहित सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए स्वीटी साक्षी सुनीता चौड़े चौड़े प्रेरणा किस्कू ,नेहा किस्कू, शिल्पी वर्मा सबीना मनीषा मरांडी शमिला भास्कर शांभवी बाला ने कार्यक्रम सभागार तक अतिथियों को पहुंचाया ।सभागार में माननीय अतिथियों का स्वागत गुलदस्ता के साथ शिक्षिका पापिया सरकार और स्मिता प्रसादने किया जबकि प्रधानाध्यापक ने श०ल के साथ अतिथियों का सम्मान बढ़ाया। तत्पश्चात दीप प्रज्वलन अतिथियों के कर कमलों द्वारा और फिर मंगल स्वागत गीत पर एक खूबसूरत नृत्य के साथ मालिक वारा सौम्या अमृता प्रेरणा कुमारी अनिता कुमारी शाजिया परवीन परवीन नुजहत परवीन कहकशा निगार और अदिति कुमारी ने तमाम अतिथियों का स्वागत भाव मय तरीके से किया । गति देते हुए कार्यक्रम को झारखंड की माटी और देश प्रेम से सराबोर करते हुए सुन मितवा के प्राची ब्यूटी प्रिया तारा सलोनी अनुष्का एंजेल और सुजाता ने खूबसूरत नृत्य प्रस्तुत किया स सभागार में उपस्थित तमाम अभिभावकों और 11वीं की छात्राओं ने जोरदार तालियों से इनका हौसला बढ़ाया ।सोनार झारखंड के प्यारे धुन पर सिद्धू कहकशा संजना नीलू सुहानी और रंजू के कदमों ने विधायक सहित तमाम अतिथियों का मन अपनी और आकर्षित किया ।विद्यालय के प्लस टू के उत्क्रमण के इस अवसर पर पूरा विद्यालय परिवार मैं खुशी और हर्षोल्लास का माहौल था ।मुख्य कार्यक्रम गत 2022 के मैट्रिक में विद्यालय के प्रथम तीन ट०पर्स को मोमेंटो और प्रमाण पत्र देकर माननीय विधायक ने उनके अभिभावकों के उपस्थिति में उनके हौसले को बढ़ाया प्रथम स्नेहा कुमारी सिन्हा द्वितीय अनिशा कुमारी और तृतीय स्थान पर रहे रेनू कुमारी को सम्मानित किया गया बालिकाओं की शिक्षा को समर्पित यह विद्यालय माननीय विधायक के कर कमलों से 11वीं मे नामांकन का शुभारंभ किया गया जिसमें नामांकन के लिए आवेदन दिए गए में से सर्वश्रेष्ठ अंकों के प्राप्तकर्ता का 11 में साइंस में स्नेहा कुमारी सिन्हा ,आर्ट्स मे पूजा कुमारी और क०मर्स में कहकशा परवीन का नामांकन माननीय विधायक ने अपने कर कमलों से किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाध्यापक ने विद्यालय में उपलब्ध संसाधनों और छात्राओं की अधिक संख्या की ओर माननीय विधायक का ध्यान आकृष्ट कराते हुए पहल करने का आग्रह किया स विशिष्ट अतिथि जिला शिक्षा अधीक्षक विनय कुमार ने आश्वस्त किया कि जिले में शिक्षा की बेहतरी के लिए और छात्राओं को सुविधा मिले इसके लिए मैं शिक्षकों और विद्यालय प्रबंधन के साथ समन्वय स्थापित करते हुए गिरिडीह में अच्छा शैक्षणिक माहौल देने का प्रयास करूंगा। माननीय विधायक ने जोर देते हुए अपने संबोधन में कहा सर जेसी बोस जैसे महान वैज्ञानिक की जमीन जहां बालिकाओं का भविष्य का निर्माण हो रहा है निश्चित रूप से मेरे स्तर से वह हर संभव प्रयास होगा जिससे विद्यालय का कायाकल्प हो साथ ही सभा को आश्वस्त किया गिरिडीह में उच्च शिक्षा के लिए सर जेसी बोस यूनिवर्सिटी की परिकल्पना हमारी सरकार ने की है और हम उस तरफ तेज गति से कदम बढ़ा रहे हैं गिरिडीह के लोगों को उच्च शिक्षा के लिए बाहर नहीं जाना होगा बेटियों के प्रति मन से भावुक विधायक ने उनके सहज भाव और किलकारियों से अपने को वह ओत प्रोत पाया और कहा समाज में बेटियों का स्थान आज के समय में बहुत ऊंचा हो गया है ।आज के इस नामांकन शुभारंभ सह सम्मान समारोह का समन्वयन और संचालन शिक्षक मुन्ना प्रसाद कुशवाहा कर रहे थे । धन्यवाद ज्ञापन शिक्षक अख्तर अंसारी ने किया । इस कार्यक्रम में विद्यालय के पापिया सरकार, संध्या संथालिया, कुसुम कुमारी अमृता कुमारी गीता कुमारी सिन्हा ,सपना कुमारी कृष्णा प्रिया, राजेंद्र प्रसाद, पुलेज़ मरांडी नाजिया शाहीन, अमरेश कुमार मनोज कुमार,सहित पूरा विद्यालय में उत्सव सा माहौल था।

## आगामी लव कुश जयंती समारोह को धूमधाम से मनाने की तैयारी को लेकर बैठक संपन्न

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह कुशवाहा संघ प्रत्येक वर्ष सावन पूर्णिमा के दिन लव कुश जयंती समारोह आयोजित करती है। कोरोना काल में सरकार के द्वारा लगाए गए प्रतिबंध के कारण दो वर्षो से सादगी पूर्वक लव कुश जयंती समारोह आयोजित की गई। अब जबकि सरकार ने लगाई गई बंदिशों को वापस ले लिया है तो कुशवाहा संघ गिरिडीह ने धूमधाम और शालीनता के साथ आगमी सावन पूर्णिमा को लव कुश जयंती समारोह आयोजित करने को लेकर का कमर कस ली है और तैयारियों में जुट गई है। लव कुश जयंती समारोह को लेकर गुरुवार को देर शाम कुशवाहा छात्रावास में बैठक आयोजित की गई और समारोह की शानदार प्रस्तुति और सफलता को लेकर रणनीति तय करते हुए जिम्मेदारियां सौंपी गई। बैठक की विस्तृत जानकारी देते हुए कुशवाहा संघ गिरिडीह के उपाध्यक्ष दिगंबर प्रसाद दिवाकर ने मीडिया को जानकारी दी कि लव कुश जयंती समारोह कार्यक्रम की सफलता हेतु विनय कुमार सिंह की अध्यक्षता में अहम बैठक कुशवाहा छात्रावास सिहोडीह गिरिडीह में आयोजित किया गया। उक्त बैठक में संचालन समिति का गठन किया गया जिसमें संरक्षक विनय कुमार सिंह,सह संरक्षक डा शशिभूषण प्रसाद, संयोजक इन्द्र नारायण प्रसाद,सह संयोजक डा कुलदीप नारायण, मुन्ना कुशवाहा, बसंत कुमार वर्मा,सचिव दिगम्बर प्रसाद दिवाकर, कोषाध्यक्ष रामदेव प्रसाद वर्मा,सह सचिव अशोक कुमार वर्मा, नागेश्वर वर्मा, महेंद्र प्रसाद वर्मा सहित 21सदस्यी कार्यकारिणी का गठन किया गया। शहरी क्षेत्रों में वार्ड वार जिम्मेवारी सौंपी गई। सभी प्रखंड अध्यक्ष एवं मंत्री कोअविलंब आमंत्रण कार्ड एवं रसीद प्राप्त कर अपने अपने क्षेत्रों में व्यापक प्रचार प्रसार में लग जाने हेतु निर्देशित किया गया है। बैठक में मुख्य रुप से दिगम्बर प्रसाद दिवाकर, मुन्ना कुशवाहा, बसंत कुमार वर्मा, महेंद्र प्रसाद वर्मा, रमेश कुमार वर्मा, हरिनंदन कुमार,प्रयाग प्रसाद कुशवाहा, दिनेश्वर वर्मा, रामदेव प्रसाद वर्मा, दिनेश वर्मा,मदन वर्मा, बसंत कुमार इत्यादि उपस्थित थे।

## जिला परिषद सदस्य कुमारी प्रभा वर्मा मुख्यमंत्री से मिलकर रखी कई मांगे

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह ज़िला अन्तर्गत जमुआ भाग संख्या 13 जिला परिषद सदस्य कुमारी प्रभा वर्मा ने पिछ्ले दिनों झारखंड के माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शिष्टाचार मुलाकात कर अपने कार्य क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं से अवगत कराया । आजादी के 75 वें वर्ष बीत जाने के बाद भी जमुआ कुछ क्षेत्रों की मूलभूत समस्याएं आज भीजस की तस बनी हुई है। जिन मूलभूत समस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराई उनमें मुख्य रूप से पुल पुलिया सड़क की स्थिति बद से बद्तर बनी हुई है जिसका निर्माण और जिर्णोद्धार करने की मांग की। मांग पत्र में युवाओं एवं महिलाओं के लिए पुस्तकालय, वाचनालय,, सिलाई बुनाई प्रशिक्षण केन्द्र, महिला स्वयं सहायता समूह प्रशिक्षण केन्द्र , रेम्बा राजधनवार रोड चौड़ीकरण,रेम्बा नेरों मल्हो पथ कालीकरण, दोनवाघाट कवयैटांड पथ एवं पुलिया निमार्ण, कोठवाटांड से दरियाडीह मुख्य मार्ग तक सड़क निर्माण,बदडीहा से लेंढासीमर झारखंड धाम पथ निमार्ण,बदडीहा से तुलसी डीह होते हुए नईटांड तक पथ मरम्मती,मुरखारी से तारा उच्च विद्यालय तक पथ निर्माण,धुरगडगी से परसबनी मुख्य मार्ग तक पथ निर्माण,बदडीहा उच्च विद्यालय में कमरा एवं चहारदीवारी निर्माण,रेम्बा में सामुदायिक विवाह भवन निर्माण,धुरगडगी में स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन निर्माण,गांधी चौक तारामें बाजार शेड निर्माण, झारखंड धाम में सुलभ स्नानागार एवं सोलर पावर ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण शामिल है। इत्यादि के लिए कुल 35 योजनाओं तथा महत्वपूर्ण सड़कों,पुल पुलिया के लिए 41 योजनाओं की सूची सौंपी है जिसमें जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती मुनिया देवी जी ने भी पूरजोर अनुशंसा की है। इसके अतिरिक्त झारखंड धाम में महिला पालिटेक्निक कालेज की स्थापना एवं रेम्बा स्थित कृषि विभाग के कृषि फार्म हाउस को विकसित कराने की भी मांग शामिल है। जिला परिषद सदस्य कुमारी प्रभा वर्मा ने मिडिया से मुखातिब होते हुए कही कि झारखण्ड के माननीय मुख्यमंत्री जी ने सकारात्मक आश्वासन दिया है और क्षेत्र का चहुंमुखी विकास कराना मेरा मुख्य लक्ष्य है। बिजली,पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क किसी भी क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के मुख्य घटक होते हैं जिन्हें विकसित कराने की आवश्यकता है। उन्होंने स्थानीय मुखिया गण से अपील करते हुए कही है कि योजनाओं के कार्यान्वयन में वर्षों उपेक्षित क्षेत्रों को प्राथमिकता दें।

APEM LIVE

APEM LIVE NEWS
सच का साथी

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## सिविल सर्जन गिरिडीह ने किया स्तनपान कॉर्नर का उद्घाटन

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



सिविल सर्जन गिरिडीह के द्वारा चौताडीह मातृ एवं शिशु इकाई गिरिडीह में स्तनपान क०र्नर का उद्घाटन किया गया । जिसमें नवजात शिशुओं को माताएं आराम से स्तनपान करवा सकें । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिविल सर्जन ने स्तनपान के लाभ की जानकारी दी एवं बताया शिशु को प्रसव के 1 घंटे के भीतर स्तनपान करवाना आवश्यक है एवं 6 माह तक माता को अपने बच्चों को स्तनपान कराना चाहिए । सिविल सर्जन ने बताया की नवजात शिशु को काफी स्वच्छता के साथ रखना चाहिए एवं स्तनपान कराने से पूर्व माता को साबुन पानी या सैनिटाइजर से अपने हाथों को साफ करना चाहिए । इस अवसर पर चिकित्सा पदाधिकारी एवं विभिन्न संस्था के पदाधिकारी तथा महिलाएं उपस्थित थी ।

## सिविल सर्जन गिरिडीह ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को रवाना

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



आज शनिवार दिनांक 06.08.022 को सिविल सर्जन गिरिडीह के द्वारा स्तनपान एवं सघन डायरिया कार्यक्रम के सं. बंधित जागरूकता रथ को सिविल सर्जन कार्यालय से रवाना किया गया इस अवसर पर सिविल सर्जन ने बताया की जागरूकता रथ पूरे गिरिडीह जिला में स्तनपान के महत्व की जानकारी देंगे स इस अवसर पर सहियावो के द्वारा दै का भी वितरण किया जा रहा है । साथ ही डायरिया की पहचान एवं उसके उपचार चिकित्सीय सहायता आदि के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम करेंगे । इस अवसर पर डीपीएम तथा अन्य चिकित्सा पदाधिकारी उपस्थित थे ।

## सिविल सर्जन गिरिडीह ने जारी किया वैक्सीन को लेकर गाइड लाइन

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सिविल सर्जन गिरिडीह ने बताया कि गिरिडीह जिला वासियों को कोविड-19 टीकाकरण 18 वर्ष से अधिक सभी योग्य लाभार्थियों को प्रिक०शन डोज दिनांक 15.08. 2022 से अगले 75 दिनों तक सभी सरकारी संस्थानों में निशुल्क दिया जा रहा है एवं निम्न अवधि के उपरांत प्रथम डोज द्वितीय डोज एवं प्रिक०शन डोज सभी लाभार्थियों को दी जानी है : (1) 18 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों को = वैक्सीन कोविशील्ड वै. क्सीन / द्वितीय डोज (प्रथम डोज की तिथि से ) = 84 दिन बाद / प्रिक०शन डोज (द्वितीय डोज की तिथि से) = 6 माह बाद । (2) 15 से 17 एवं 18 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों को = कोवाक्सीन वैक्सीन / द्वितीय डोज (प्रथम डोज की तिथि से) = 28 दिन बाद स प्रिक०शन डोज ( द्वितीय डोज की तिथि से ) = 6 माह बाद । (3) 12 से 14 वर्ष के बच्चों को / क०र्बेवेक्स वैक्सीन/ द्वितीय डोज (प्रथम दोष की तिथि से) = 28 दिन बाद स प्रिक०शन डोज (द्वितीय डोज की तिथि से) = 6 माह बाद । अतः सभी योग्य लाभार्थियों से अनुरोध है कि यथाशीघ्र अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों में जाकर प्रथम डोज/ द्वितीय डोज / प्रिकॉशन डोज लेने की कृपा करेंगे ।

## तिरंगा कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय संस्कृति कार्यक्रम आयोजित

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

सांस्कृतिक आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन नगर भवन गिरिडीह में दिनांक 07.08.022 को जिला प्रशासन गिरिडीह के द्वारा किया जा रहा है । कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए जिला खेल पदाधिकारी ने बताया कि नगर भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम पूर्वाहन 11: 00 बजे से प्रारंभ होगा । सांस्कृतिक कार्यक्रम में कस्तूरबा विद्यालय , जीटीए बेंगाबाद , डीएवी सीसीएल , बी एन एस कार्मेल स्कूल, डीपीएस तथा कला दलों की सहभागिता रहेगी । कार्यक्रम में देश भक्ति गीत, देशभक्ति नृत्य, हर घर तिरंगा पर नाटक, स्वतंत्रता सेनानियों पर नाटक एवं छौ नृत्य समूह गीत आदि कार्यक्रम होंगे । कार्यक्रम में सहभागिता लेने वाले सभी विद्यालयों एवं कला दलों को पुरस्कृत भी किया जाएगा ।

## सिमरिया में जिप सदस्य शेख तैयब ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

### कई दिनों बाद बिजली आने से ग्रामीणों में दिखी खुशी की लहर

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



सिमरिया में ट्रांसफार्मर का उद्घाटन करते जिप सदस्य शेख तैयब

विष्णुगढ़ प्रखंड के अचलजामो पंचायत के सिमरिया गांव में शनिवार को मध्य जिप सदस्य शेख तैयब ने ट्रांसफार्मर का उद्घाटन फीता काटकर किया। स्विच आन करते हीं बिजली आने के बाद ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। उन्होंने कहा कि गांव में पुराना ट्रांसफार्मर के जल जाने से ग्रामीण कई तरह से परेशान थे। शाम ढ़लते हीं गांव में सन्नाटा पसर जाता था। बारिश के मौसम में ग्रामीणों को और अधिक परेशानी होती थी। बच्चों की पढ़ाई भी बाधित हो रही थी। लोगों को मोबाइल चार्ज करना भी मुश्किल हो रहा था। इस परेशानी की सूचना ग्रामीणों ने दी। जिसके बाद त्वरित कदम उठाते हुए विभाग के अधिकारियों से संपर्क किया और गांव में जले हुए ट्रांसफार्मर के जगह पर नया ट्रांसफार्मर को अधिष्ठापित किया गया। कहा कि ग्रामीणों की सेवा करने में काफी खुशी महसूस होती है। मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## भाकपा माले ने उठाई आवाज़ गरीबों का बकाया बिजली बिल माफ करे सरकार

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



गरिडीह सदर प्रखंड के पालमो में अखिल भारतीय किसान महासभा के गिरिडीह प्रखंड संयोजक संजय चौधरी तथा माले नेता संतोष राय की अगुवाई में हुई एक मीटिंग में स्थानीय विभिन्न जन सवालों तथा खासकर गरीब परिवारों के ऊपर हजारों-हजार रूपए बकाया बिजली बिल जमा हो जाने पर चर्चा करते हुए इसे माफ करने तथा बिजली बिल की बढ़ोतरी को कम करने की मांग सरकार से की गई। बैठक में पार्टी नेता सह अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव के समक्ष लोगों ने अपने दूसरे सवालों को भी रखा। एक व्यक्ति ने बकाया बिजली बिल के कारण केस हो जाने पर अपनी जमीन बेचकर बकाया भुगतान करने की बात कही। लोगों की बातों को सुनने के बाद माले नेता ने कहा कि, बकाया बिजली बिल को लेकर गांवों में कोहराम मचा हुआ है। इसके लिए सीधे तौर पर पूर्ववर्ती सरकार जिम्मेवार है, जिसके शासन में लोगों को हर माह बिल नहीं भेजा गया और अब वही बकाया बढते-बढते इतना ज्यादा हो गया है कि, इसे दे पाना गरीबों के बूते से बाहर हो गई है। श्री यादव ने कहा कि, सरकारी अस्पतालों की कुव्यवस्था के कारण प्राइवेट इलाज कराने की मजबूरी में बड़ी तादाद में गरीब महिलाएं ग्रुप लोन लेकर भारी कर्जदार बनी हुई हैं। अलावे मोदी सरकार की गलत नीतियों से महंगाई बढ़ने के बावजूद गरीबों की कमाई नहीं बढ़ी। इसलिए उन्हें राहत देने की सख्त जरूरत है। उन्होंने बकाया बिजली बिल और गरीब महिलाओं का ग्रुप लोन सीधे तौर पर माफ करने, बिजली बिल का दर कम करने, 100 यूनिट बिजली गरीबों को मुफ्त देने, सरकारी स्कूलों तथा अस्पतालों की व्यवस्था सुदृढ़ करने, झारखंड में प्रतिदिन 600 :. मजदूरी दर लागू करने तथा तत्काल सभी प्रभावितों को सुखाड़ राहत के तहत मदद देने की मांग की। बैठक में पालमो सहित आसपास के गांवों में अखिल भारतीय किसान महासभा का सदस्यता अभियान चलाकर संगठन मजबूत करते हुए हक-अधिकार की लड़ाई तेज करने का निर्णय लिया गया। मौके पर संजय चौधरी, संतोष राय, रामेश्वर विश्वकर्मा, मनोज मंडल, निरंजन मंडल, परितोष मंडल, गोखुल साव, शंकर साव, दीपक कुमार पंडित, नागेश्वर साव, कंचन मंडल, अनिता देवी, मालती देवी, आशा देवी, सुमित्रा देवी, यशोदा देवी, निरंजन मंडल, प्रदीप सिंह, नुनुमनी साव, बासदेव रवानी, धीरेन मंडल, नरेश मंडल आदि मौजूद थे।

## जिला के अधिकारियों से मिला विष्णुगढ़ मुखिया संघ का प्रतिनिधिमंडल

### बिजली, पानी, पेंशन, राशन आदि बुनियादी समस्याओं को रखा

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



अधिकारियों को ज्ञापन सौंपते मुखिया संघ का प्रतिनिधिमंडल

प्रखंड में बिजली, पानी, पेंशन, राशन समेत अन्य बुनियादी सुविधाओं की समस्या को लेकर विष्णुगढ़ मुखिया संघ का प्रतिनिधिमंडल जिला में संबंधित विभागों के अधिक. ारियों से मिले। इनमें विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता, जिला कल्याण पदाधिकारी, सामाजिक सुरक्षा पेंशन पदाधिकारी, जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी समेत अन्य अधिकारियों से मिलकर व्याप्त समस्याओं को रखा। प्रखंड में बिजली की निर्बाध आपूर्ति को लेकर कहा कि सभी फीडर को दुरुस्त किया जाए। जर्जर बिजली के खंभे तथा तारों को बदला जाए। इसके अलावा प्रत्येक पंचायत भवन में बिजली बिल का शिविर लगाकर भुगतान लिया जाए। पेयजलापूर्ति को लेकर संबंधित अधिकारी को कहा कि प्रखंड से सभी चापाकलों को दुरुस्त किया जाए। पेयजलापूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए। अन्य संबंधित अधिकारियों से समक्ष पेंशन, राशन आदि समस्याओं को रखा गया। सभी अधिकारियों ने प्रतिनिधिमंडल को समस्याओं ने निदान करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में मुखिया संघ अध्यक्ष उत्तम महतो, सचिव निर्मल कुमार, लक्ष्मी कुमारी, नन्हकू महतो, कुंवर हांसदा, चेतलाल महतो, तापेश्वर रजक आदि शामिल थे।

